<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–08.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. **झारखंड में 13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार हुआ तेज, एनडीए और इंडी ब्लॉक के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों की जीत के कर रहे दावे।**
2. **कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की आज लोहरदगा और सिमडेगा में जनसभा, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान चक्रधरपुर में और गिरिराज सिंह आदित्यपुर में पार्टी प्रत्याशी के लिए मांगेंगे समर्थन।**
3. **एनडीए में भाजपा की सहयोगी दल आजसू ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया, पार्टी ने युवा, रोजगार, किसान और अल्पसंख्यकों के विकास को दी प्राथमिकता।**
4. **चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों से चुनाव प्रचार में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने का दिया निर्देश।**
5. **मौसम विभाग ने राज्य में ठंड बढ़ने के दिये संकेत, सुबह में आंशिक बादल और धुंध रहने की जतायी संभावना।**

*******************

13 नवंबर को होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर राज्य में प्रचार **और** तेज हो गया है। एनडीए और इंडिया ब्लॉक के नेता अपनी–अपनी पार्टियों के समर्थन में धुआंधार चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इस दौरान इंडिया ब्लॉक के स्टार प्रचारक झामुमो, कांग्रेस और राजद प्रत्याशियों की जीत के दावे कर रहे हैं तो एनडीए के नेता झारखंड में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का दावे कर रहे हैं। गौरतलब है कि 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा के लिए दो चरणों में मतदान 13 और 20 नवम्बर को होना है। वोटों की गिनती 23 नवम्बर को होगी।

*******************

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज सिमडेगा और लोहरदगा में चुनावी रैली करेंगे। झारखंड में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा सरायकेला खरसावां में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं आदित्यपुर में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में लोगों से वोट मांगेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली में भाग लेंगे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चाईबासा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल, आजसू और वामदलों के नेता भी राज्य के अलग–अलग हिस्सों में चुनाव प्रचार में जुटे हैं।

*******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दूसरी बार दस नवंबर को चुनावी दौरे पर झारखंड आयेंगे। वे गुमला और बोकारो में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। रांची में उनका रोड शो भी होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल झारखंड आयेंगे। श्री शाह छतरपुर, हजारीबाग और पोटका में एनडीए के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। साथ ही जमशेदपुर में उनका रोड शो भी होगा।

*******************

एनडीए में भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू ने आज अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में युवा, रोजगार, किसान और अल्पसंख्यकों के विकास पर जोर दिया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि उनकी पार्टी किसानों और दलितों के लिए विशेष योजनाएं शुरू करेगी। श्री महतो ने कहा कि भूमिहीन परिवारों को जमीन भी उपलब्ध करायी जायेगी।

*******************

प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा की लहर है। गिरिडीह के राज धनवार में वे पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में दो तिहाई से बहुमत की सरकार बनेगी।

इधर झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दावा किया कि इंडी गठबंधन राज्य में दोबारा सरकार बनायेगी। श्री सोरेन ने भाजपा पर आदिवासी–दलित लोगों को छलने का आरोप लगाया।

*******************

निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से झारखंड में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाताओं से झूठे वादे कर उन्हें गुमराह करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने चुनावी सभाओं के दौरान व्यक्तिगत हमले से बचने और प्रचार के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं करने को भी कहा।

*******************

जैसे जैसे मतदान की तिथि नजदीक आ रही है पश्चिमी सिंहभूम जिले में चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विस्तृत जानकारी दे रही हैं हमारे संवाददाता–

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज कहा कि भ्रष्टाचार एक बीमारी है और इसे जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति नई दिल्ली में केंद्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सरकार ने

भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कई पहल की हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि विश्वास किसी भी समाज की नींव होता है जबकि भ्रष्टाचार समाज में विश्वास को कम करता है।

********************

भारतीय रेल छठ पूजा के बाद यात्रियों की वापसी को सुविधाजनक बनाने के लिए **पांच सौ से अधिक विशेष रेलगाडियों** का परिचालन कर रहा है। रेलवे बोर्ड ने बताया कि आज से लौटने वाले यात्रियों के लिए समस्तीपुर, दानापुर और अन्य रेल मंडलों से अतिरिक्त रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। यात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए रेलवे आज 164 विशेष गाडियां चला रहा है, जबकि कल 160 रेलगाड़ी और 10 नवंबर को 161 और 11 नवंबर को 155 विशेष गाडियां संचालित की जाएंगी।

********************

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में अब धीरे–धीरे ठंड बढ़ेगी। विभाग से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि सुबह में आंशिक बादल और धुंध रहने की संभावना रहेगी लेकिन दिन चढ़ते ही मौसम साफ और शुष्क हो जायेगा। इस दौरान राज्य में औसत अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। विभाग ने कहा है कि राज्य में अब बारिश की संभावना नहीं है।

******समाप्त**************